an>

Title: Regarding activities of inter-state vehicle thefts in Meerut Parliamentary constituency.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): माननीय अध्यक्ष जी, मेरठ में लंबे समय से वाहन चोरों का अंतर्राज्जीय गिरोह काम कर रहा है। यह बहुत गंभीर समस्या है। मैंने पहले भी इस विÂषय को सदन में उठाया था और आज फिर उठा रहा हूं। मेरा सौभाग्य है कि आज यहां गृह मंत्री जी उपस्थित हैं। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान इत्यादि प्रदेशों से गाड़ियां आती हैं और मिनटों में कट जाती हैं। छोटी-मोटी रिपोर्ट होती है फिर सैटिंग हो जाती है। सदर थाना सबसे महंगे थानों में इसलिए माना जाता है क्योंकि वहां यह खेल चलता रहता है। जो किस्से आते हैं, वे भी आईसबर्ग के समान होते हैं क्योंकि थोड़ा हिस्सा सामने आता है।

13.00 hours

अध्यक्ष महोदया, मेरा निवेदन है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आतंकवादियों के स्लिपिंग सेल्स हैं, जिसके बारे में मंत्रालयों को पता है। वहां कोई भी दुर्घटना हो सकती है, इसलिए इसकी अच्छे ढंग से जांच होनी चाहिए। इसमें रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय और प्रदेश सरकार सक्रिय हो। एक बहुत पुरानी कहावत है कि 'Prevention is better than cure'. अगर कोई घटना होगी, तो उसका बहुत नुकसान होगा।

अध्यक्ष महोदया, मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि सरकार सक्रिय होकर इस सारे तंत्र को तोड़े और समाप्त करे।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र, कुंवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चंदेल, श्री सी.पी. जोशी, श्री रोड़मल नागर और श्री सुधीर गुप्ता को श्री राजेन्द्र अग्रवल द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।